<u>शिक्षा का अर्थ</u> (Meaning of Education)

शिक्षा का शाब्दिक अर्थ(Etymological Meaning of Education)

"Education" शब्द की उत्पत्ति लैटिन भाषा के "Educatum" शब्द से मानी जाती है। Educatum शब्द दो शब्दों 'E' तथा 'duco' से मिलकर बना है। 'E' का अर्थ है 'Out of' और 'duco' का अर्थ है 'to lead forth' or 'to extract out' अत: 'Education' का शाब्दिक अर्थ है- आन्तरिक को बाहर लाना।

भारतीय दृष्टिकोण से शिक्षा का अर्थ शिक्षा शब्द संस्कृत भाषा की 'शिक्ष' धातु में 'अ' प्रत्यय लगाने से बना है, शिक्षा का अर्थ है सीखना एवं सिखाना, इस प्रकार शिक्षा का अर्थ सीखने, सिखाने की क्रिया, ज्ञान प्राप्त करना, अध्ययन करना आदि है। शिक्षा शब्द विद्या का पर्याय है विद्या शब्द भी संस्कृत भाषा के 'वि' धातु से बना है जिसका अर्थ है- जानना, विद्या ग्रहण करना। भारतीय विद्वानों का मानना है कि शिक्षा का आशय शिक्षा या विद्या ग्रहण करना है, अतः ये शिक्षा को एक क्रिया के रूप मैं मानते हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् के अनुसार शिक्षा, शिक्षा अर्थात् 'शीयते सर्व पापभ्यो, क्षीयते सर्ववासना' सभी पापों और सभी अभिलाषाओं का नाश करना ही शिक्षा है।

<u>शिक्षा की परिभाषाएँ</u>(Definitions of Education)

स्वामी विवेकानंद के अनुसार," मनुष्य की अंतर्निहित पूर्णता की अभिव्यक्ति करना ही शिक्षा है अर्थात अंतर्गत गुणों को विकसित कर उन्हें पूर्णता को उपलब्ध कराना ही शिक्षा का उद्देश्य है"

जॉन डीवी के अनुसार," शिक्षा वातावरण को नियंत्रित करने वाली शक्ति है जिससे प्रत्येक व्यक्ति अपने निहित संभावनाओं की पूर्ति कर सकें।"